# ST. FRANCIS DE SALES COLLEGE

A FRANSALIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION **AUTONOMOUS**

NAAC A GRADE ● AFFILIATED TO BANGALORE UNIVERSITY ● AICTE APPROVED ● 2(F) & 12 (B) RECOGNITION OF UGC ● ISO 9001:2015 CERTIFIED

Electronics City P.O., Bengaluru - 560 100, Karnataka, INDIA (+91) 8088140679 pro@sfscollege.in www.sfscollege.in


## END SEMESTER EXAMINATION – MAY 2025

## LANGUAGE HINDI - II SEMESTER BSC

## 24BSC21H: KAVYA DEEPTHI, VAIGYANIKON KA PARICHAY AUR SANKSHEPAN

**Time: 3 Hours** **Max. Marks: 80**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उतर एक शब्द या वाक्य में दीजिये|** **10X1=10**

1. गुरु और ईश्वर दोनों सामने खड़े हों तो किसको प्रणाम करना चाहिए?
2. किसने कमल के फूल का मधुर रस चखा है?
3. बिहारी किनसे अपने सांसारिक कष्टों को दूर करने की बात करते हैं?
4. सखी वे मुझसे कहकर जाते कविता किसके जीवन से सम्बंधित है?
5. नारद किसकी परीक्षा लेना चाहते थे?
6. बादल को घिरते देखा है कविता में कवि ने किसके सौन्दर्य का वर्णन किया है?
7. कौन भगवान बुध्द की पूजा करने आई है?
8. रामदास को किसकी धमकी मिली थी?
9. स्त्रियों को क्या कहकर अपमानित किया जाता है?
10. 'बादल को घिरते देखा है' कविता के कवि का नाम लिखिए।

**II. निम्नलिखित अवतरण की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए|** **2x7=14**

अ) 1. ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोय ।
औरन को शीतल करे आपहुं शीतल होय ॥

अथवा

2. बूझत स्याम कौन तू गोरी !
"कहाँ रहती, काकी तू बेटी ? देखी नाहिं कहुँ ब्रज खोरी" ॥

"काहे कों हम ब्रज तन आवति ? खेलति रहति आपनी पौरी ॥
सुनति रहति श्रवनन नँद-ढोटा करत रहत माखन-दधि चोरी" ॥
"तुम्हरौ कहा चोरि हम लैहैं ? खेलन चलौ संग मिलि जोरी" ।
सूरदास प्रभु रसिक-सिरोमनि बातइ भुरइ राधिका भोरी" ॥

आ) 1. तैल-पूर्ण पात्र यह लेकर,
प्रदक्षिणा कर आइए भूमण्डल की
ध्यान रहे सविशेष,
एक बूँद भी इससे तेल गिरने पाए ।'
लेकर चले नारदजी, आज्ञा पर घृतलक्ष्य ।
एक बूँद तेल इस पात्र से गिरे नहीं ।

अथवा

2. अमल धवल गिरि के शिखरों पर,
बादल को घिरते देखा है ।
छोटे-छोटे मोती जैसे
उसके शीतल तुहिन कणों को
मानसरोवर के उन स्वर्णिम
कमलों पर गिरते देखा है,
बादल को गिरते देखा है ।

**III. किन्हीं दो कविताओं का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए|** **2x15=30**

1. सखी वे मुझसे कहकर जाते ।
2. कृष्ण की चेतावनी ।
3. स्त्रियाँ ।

**IV. किसी एक कविता पर टिपण्णी लिखिए|** **1x6=6**

1. प्रियतम ।

ST. FRANCIS DE SALES COLLEGE
EXCELLENCE • EFFICIENCY • TRANSFORMATION
ELECTRONICS CITY, BENGALURU

2. साम्राज्ञी का नैवेद्य दान ।

**V. किसी एक वैज्ञानिक का परिचय लिखिए|** **10x1=10**

1. डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम
2. सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैय्या

**VI. निम्नलिखित गद्यांश का एक तिहाई शब्दों में सार लिखते हुए उचित शीर्षक दीजिये|** **10x1=10**

संसार में वे लोग बड़े अभागे होते हैं जो अपने देश या मातृभूमि को प्यार नहीं करते । स्वदेश प्रेम से शून्य मनुष्य जीता हुआ भी मरे के समान है । वह पृथ्वी का भार है । ऐसे व्यक्तियों से पृथ्वी कलंकित होती है । जिस पानी में मछली उत्पन्न होती है, मरते दम तक उसका साथ नहीं छोड़ती है । वह पानी से वियुक्त होने पर प्राण दे देती है, तो क्या मनुष्य जिसे अपना देश, अपनी भाषा एवं अपने देश की संस्कृति से प्यार नहीं है, साधारण जानवर से भी गया-बिता नहीं है ? जिस देश में हमने जन्म लिया है, उसके प्रति भक्ति होना, उसकी सेवा करना हमारा प्रथम कर्तव्य है ।

---